योजना जिसमें निस्सहाय बुनकरों को सहकारी समितियां बनाने के लिए पूंजी सहयोग दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत 2000/- रुपये प्रति निस्सहाय बुनकर की दर से सहायता दी जाती है और इस सहायता की अधिकतम सीमा 1.00 लाख रुपये प्रति समिति है।

(2) एकीकृत हथकरघा ग्राम विकास योजना जिसमें चुनिंदा ग्रामों में हथकरघा बुनकरों की ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा और कार्य कौशलता उन्नत करने और उत्पादन बढ़ाने के संदर्भ में पैकेज सुविधाएं दी जाएंगी।

(3) प्रोजेक्ट पैकेज योजना जिसमें लक्षित ग्रुप की विशिष्ट आवश्यकताओं अथवा विशेष क्षेत्र अथवा किसी विशेष उत्पाद के उत्पादन के लाभ के लिए सहायता दी जाएगी।

Design Competition in Textile Goods to Augment

4440. SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether Government are conducting design competition in textile goods to augment foreign taste to earn more foreign exchange; and

(b) whether there is any scientific wing that takes up experiments to improve the quality of textile goods exported to foreign countries so as to maintain internatronal standards?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES: (SHRI ASHOK GEHLOT):(a) Government has not so far conducted a design competition in textile goods.

(b) Yes, Sir. Various agencies like Textiles Committee, Textile Research Associations, Weavers Service Centres and Powerloom Service Centres have been undertaking Research & Development to improve quality of textile export products, as well to maintain international standards.

Sick Cotton Mills in Uttar Pradesh

4441. SHRI RAM NARESH YADAV: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) the number of cotton mills functioning in Uttar Pradesh at present and the number out of them that are sick units;

(b) whether it is also a fact that those those cotton mills are facing difficulties in getting cotton as per their requirment;

(c) if so, the steps taken or proposed to be taken by the Government in the matter; and

(d) if not reasons therefor?

THE. MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SHRI ASHOK GEHOLOT): (a) As per the information made available, there are 56 cotton/ man-made fibre textile mills in Uttar Pradesh and 10 mills out of them are reported to be sick.

(b) No, Sir.

(c) and (d) Do not arise in view of (b) above.

उत्तर प्रदेश में विद्युत-चालित करघे

4442. श्री ईश दत्त यादव : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश में विद्युत-चालित करघों की जिला-वार संख्या कितनी-कितनी थी;

(ख) क्या यह सच है कि इस राज्य के विद्युत-चालित करघों को वस्त्र मंत्रालय की उदासीनता के कारण बंद किया जा रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार ने उत्तर प्रदेश में विद्युत-चालित करघों की संख्या मे वृद्धि करने के लिये क्या प्रयास किये हैं?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलौत): (क) वस्त्र (नियन्त्रण) आदेश 1986 के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में विद्युत करघा एककों की जिला-वार संख्या के ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं। विद्युत करघों का पंजीकरण राज्य प्राधिकारियों द्वारा किया जाता है न कि केन्द्र सरकार द्वारा और उनके द्वारा दिये गये ब्यौरों के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान पंजीकृत किये गये विद्युत करघों की संख्या अनुबंध "क" में दी गई है।

(ख) यह सच नहीं है। न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि सम्पूर्ण देश में विगत में यार्न की कीमत, विद्युत लागत में वृद्धि के कारण विगत में विद्युत करघों के बन्द होने की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है।

(ग) संलग्न विवरण में उल्लिखित आंकड़े यह दर्शाते हैं कि उत्तर प्रदेश में विद्युत करघों की संख्या बढ़ रही है। दिसम्बर, 1991 तक पंजीकृत किये गये कुल करघों की संख्या में 52% नये करघे शामिल हैं।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान पंजीकृत किये गये विद्युत करघों की संख्या

वर्ष	जारी किये गये पंजीकरण प्रमाण पत्रों की संख्या	शामिल करघे	जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों की संचयी कुल संख्या	अप्रैल से शामिल किये गये करघे
1989	1451	3589	21069	58133
1990	1952	3690	23021	61823
1991	1765	2840	24786	64663

Monitoring of 15 Point Programme

4443. SHRI MOHAMMED AFZAL *ALIAS* MEEM AFZAL : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether there is any committee in his . Ministry for monitoring implementation of the 15 point programme for the welfare of the Minorities; and

(b) if so, what are the details with regard to such Committee in the Ministry and the number of persons who have been provided with employment during the past three years under the programme?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI ASHOK GEHLOT) : (a) No, Sir,

(b) Does not arise.

हैन्डीक्राफ्टस एण्ड हैन्डलूम एक्सपोर्ट कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड

4444. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हैन्डीक्राफ्टस एण्ड हैन्डलूम एक्सपोर्ट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान किये गए क्रय-विक्रय का ब्यौरा क्या है;

(ख) उनके क्रय के तरीके (निविदा अथवा सौदेबाजी) का ब्यौरा क्या है;

(ग) उन पक्षकारों के क्या नाम हैं जिनसे इस संबंध में बातचीत की गई थी; और

(घ) इन मदों का किन-किन देशों को निर्यात किया गया था; और इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत): (क) से (घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान एच॰एच॰ई॰सी॰ द्वारा की गई खरीदारी और बिक्री के आंकड़े नीचे दिये गये हैं:—